हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति में बदलाव की मांग, आजाद सेवा संघ ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन



**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लागू होने के बाद छात्रों को हो रही समस्याओं को लेकर आजाद सेवा संघ ने प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में कुलपति के माध्यम से राज्यपाल एवं कलेक्टर के माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग के सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि राजीव गांधी पीजी कॉलेज में संभाग के अन्य कॉलेजों में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र हैं जो फर्स्ट और सेकंड सेमेस्टर में एक या दो विषयों में बैक पेपर होने के कारण पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश नहीं ले पा रहे हैं। छात्रों का पूरा एक साल बर्बाद हो रहा है। यह समस्या सरगुजा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शिक्षा ले रहे छात्रों को प्रभावित कर रही है। आजाद सेवा संघ ने आरोप लगाया कि इस स्थिति के लिए सिर्फ छात्र नहीं, बल्कि कॉलेज प्रशासन और उच्च शिक्षा विभाग भी जिम्मेदार हैं। महाविद्यालयों में कई प्राध्यापकों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पर्याप्त जानकारी नहीं है, जिसके कारण छात्रों को इस नीति के बारे में सही और पूरी जानकारी नहीं दी गई। आजाद सेवा संघ ने उच्च शिक्षा विभाग से छात्र हित में पांचवें सेमेस्टर में सशर्त प्रवेश देने, पुनर्मूल्यांकन का मौका देने, महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर प्राध्यापकों और छात्रों के लिए जागरूकता और परीक्षण कार्यशाला आयोजित करने की मांग की है।

### चलती बाइक से गिरी वृद्धा की मौत

अम्बिकापुर। परिचित के यहां से मेहमानी कर पोता के साथ बाइक से लौट रही वृद्धा चलती बाइक से गिर गई। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सलका निवासी हस्मेन केवट पति बिगन केवट (70 वर्ष) सोमवार को पोता पिन्टू के साथ बाइक क्रमांक सीजी 10 बीएफ 1263 से ग्राम पुहपुटरा निवासी परिचित के यहां मेहमानी करने गई थी। शाम को पोता के साथ बाइक से वापस घर आने लगी और जैसे ही एनएच 130 सिंघीटाना के समीप पहुंची तभी चलती बाइक से फिसल कर सड़क पर गिर गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। वृद्धा का तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

### टमाटर बाड़ी से घर लौटे युवक की संदिग्ध हालत में मौत

अम्बिकापुर। जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मनोरा निवासी अमन टोप्पो आ. अजय टोप्पो (20 वर्ष) सोमवार की दोपहर पकरीपारा स्थित बाड़ी में लगाए गए टमाटर फसल को देखने गया था। शाम को घर लौटा तो उल्टी करने लगा। युवक के मुंह से कीटनाशक का गंध आने पर परिजन ने कीटनाशक छिड़काव करने के दौरान मुंह में कीटनाशक चले जाने की आशंका पर तत्काल स्थानीय अस्पताल के पश्चात जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### तेज रफ़्तार कार चालक ने महिला बाइक सवार युवकों को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** ग्राम धरतीपारा में तेज रफ़्तार कार की टक्कर लगने से एक महिला की मौत हो गई है,लापरवाही पूर्वक चलाते हुए कार चालक ने महिला के अलावा दो बाइक सवारों को भी जबरदस्त टक्कर मार दी है,करंजी पुलिस ने बताया कि ग्राम नया करकोली निवासी 46 वर्षीय महिला मानकुंवर पति स्व.विफल घासी सोमवार की शाम ग्राम धरतीपारा में करमा त्यौहार मनाकर पैदल वापस घर लौट रही थी,तभी धरतीपारा में कार क्रमांक सीजी 29 एई 7308 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलाते हुए महिला को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी,जिससे गंभीर चोट लगने से महिला की मौके पर मौत हो गई है,करंजी पुलिस ने बताया कि कार चालक ने महिला को टक्कर मारने से पूर्व खोपा स्टेडियम के पास एवं केनापारा में भी दो बाइक सवारों को टक्कर मार दिया है,जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है।

## कृषि ऋण लेने के बाद 25 हजार किसान नहीं कर रहे भुगतान

# किसानों ने 6 साल में को- ऑपरेटिव बैंक की रोकी 161.90 करोड़ की कर्ज राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कृषि की समृद्धि के लिए जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा किसानों को दिए गए कृषि ऋण की शत-प्रतिशत राशि की वसूली नहीं हो पा रही है। ऋणी किसान हर साल लगभग 50 करोड़ की राशि रोक दे रहे हैं। जिससे कालातित ऋण की राशि में लगातार वृद्धि हो रही है। ऋण राशि की वसूली नहीं होने से बैंक की वित्तीय स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

**खास बात**

- बैंक की वित्तीय स्थिति पर पड़ रहा प्रभाव

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक संभाग की विभिन्न शाखाओं एवं सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को उनकी जरूरतों के अनुसार खरीफ एवं रबी फसल के लिए कृषि ऋण उपलब्ध कराता है। कृषकों को ऋण पर नगद राशि के साथ ही खाद-बीज उपलब्ध कराया जाता है। निर्धारित समय पर ऋण का भुगतान करने पर किसानों को ब्याज राशि का भुगतान नहीं करना पड़ता। बिना ब्याज ऋण उपलब्ध होने पर किसानों को खेती के कार्यों में काफी राहत मिलती है। किसान अपनी उपज का विक्रय सहकारी समितियों के माध्यम से करते हैं इसिलए ऋण वसूली में कोई समस्या नहीं होती। बड़ी संख्या में ऐसे किसान हैं जो कृषि ऋण तो लेते हैं लेकिन अपनी उपज दूसरे किसानों के खाते में अथवा दूसरी समितियों में बेच देते हैं जिससे उनकी ऋण राशि की वसूली नहीं हो पा रही है। वर्ष 2018 में शासन द्वारा सभी कृषकों का ऋण माफ करने के बाद कालातीत ऋण राशि में लगातार वृद्धि हो रही है तथा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की कालातीत ऋण राशि बढ़कर 161 करोड़ पहुंच गई है। कालातीत ऋण की वसूली के लिए सहकारी समिति से लेकर मुख्यालय स्तर से अनेकों बार पहल की गई लेकिन ऋणी किसान राशि देने के लिए तैयार नहीं हैं तथा बैंक व समिति से दूरी बढ़ा लिए हैं। बैंक के प्रबंधक के निर्देश पर अब सहकारी समितियां ऋणी कृषकों को राशि की भरपाई करने नोटिस जारी कर रही हैं। समिति की पहली नोटिस मिलने के बाद ऋणी किसानों में खलबली बच गई है। कुछ किसान बिना ऋण लिए नोटिस जारी करने का आरोप लगा रहे हैं। बैंक प्रबंधन का कहना है कि ऋणी किसानों को तीन नोटिस जारी के बाद धारा 84 के तहत न्यायालय में प्रकरण दायर किया जाएगा तथा कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।



### किसान एक पंजीयन 4 समितियों में

बैंक अधिकारियों के अनुसार कई किसान ऐसे हैं जिनकी कृषि भूमि अलग-अलग इलाके में है। नियमानुसार कोई भी कृषक अपने क्षेत्र का एकमात्र सहकारी समिति का सदस्य होता है लेकिन बड़ी संख्या में किसानों ने समिति कर्मचारियों की मिलीभगत से अलग-अलग समितियों में अपना पंजीयन कराने के साथ ही कृषि ऋण भी हासिल कर लिया है तथा धान की राशि के लिए अपने बचत खाता को संलग्न करा दिया है। ऐसे किसानों की धान की राशि सीधे उनके खाते में जमा हो जाती है तथा ऋण राशि की वसूली नहीं हो पाती। जांच में इस बड़ी गड़बड़ी के सामने आने के बाद प्रबंधन समितियों के खाते का मिलान कर रहा है। सहकारी समितियों के खाते में कई लेन-देन की एंट्री तक नहीं की गई है। इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने शासन द्वारा किसानों का आधार आधारित डेटाबेस तैयार किया जा रहा है साथ ही भुंइया एप में दर्ज संपूर्ण रकबे को ऑन लाइन किया जा रहा है ताकि इस तरह की गड़बड़ियों पर तत्काल रोक लगाई जा सके।

### ऋण माफी की उम्मीद में किसान

बैंक अधिकारियों का कहना है कि बड़ी संख्या में किसान हर साल बैंक से कृषि ऋण लेते हैं तथा समय पर राशि का भुगतान कर अपनी स्थिति को सुदृढ़ बना रहे हैं। ऐसे किसानों को ब्याज का भुगतान नहीं करना पड़ता। इसके विपरीत कई किसान ऋण लेने के बाद बैंक से दूरी बना लिए हैं। ऐसे किसानों के ऋण राशि पर 14 फिसदी की दर से ब्याज जोड़ा जा रहा है। इन किसानों को फिर से शासन द्वारा कृषि ऋण माफ करने उम्मीद है। वर्ष 2022-23 में कृषकों को 377 करोड़ का कृषि ऋण दिया था लेकिन 321 करोड़ राशि की ही वसूली हुई। इसी तरह वर्ष 2023-24 में 523 करोड़ की ऋण राशि में 361 करोड़ एवं वर्ष 2024-25 में 502 करोड़ की ऋण राशि में मात्र 481 करोड़ की वसूली हो सकी। तीन साल में ही ऋणी किसानों ने बैंक का 139.90 करोड़ रूपए रोक रखा है।

### बिगड़ रही वित्तीय स्थिति

सरगुजा संभाग के 2552 किसानों ने कृषि ऋण 161.90 करोड़ रूपए रोक रखा है जिससे बैंक की वित्तीय स्थिति पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ऋण राशि का भुगतान नहीं करने वाले किसानों को सहकारी समितियों द्वारा नोटिस जारी की जा रही है। हर समिति को 50 किसानों से ऋण राशि वसूलने का लक्ष्य दिया गया है।

-बालकृष्ण प्रताप सिंह
मुख्य पर्यवेक्षक जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक



## शासन की योजनाओं को पहुंचाएं अंतिम छोर पर निवासरत व्यक्ति तक : उद्धेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकर ने कहा है कि केंद्र और राज्य सरकार की जो योजनाएं चल रही है उन सभी योजनाओं को जमीनी स्तर तक ले जाना है। जब तक योजनाएं जमीनी स्तर तक नहीं जाएंगी तब तक अंतिम छोर में निवासरत व्यक्ति को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। अधिकारी अधूरे कार्यों को समय पर पूर्ण करें ताकि नए कार्य भी हो सके।

- सामरी विधायक ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

विधायक श्रीमती पैकरा सोमवार को जनपद कार्यालय सभाकक्ष में विभागीय समीक्षा बैठक ले रही थी। इस दौरान उन्होंने नल जल योजना के अधूरे कार्यों को लेकर पीएचई विभाग को कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके। अधिकारी नल जल योजना के तहत बन रही पानी टंकी, स्टांप पोस्ट को पूर्ण कराए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि अधिकारी अस्पतालों की व्यवस्था में सुधार करे। हॉस्पिटल में चिकित्सक ईमानदारी से ड्यूटी करे। उन्होंने समाधान शिविर में आए हुए आवेदनों को संज्ञान लेकर जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने विभागों को अगली बैठक में प्रगति रिपोर्ट के साथ उपस्थित होने कहा है। बैठक के दौरान पुलिस, आरईएस, पशु चिकित्सा, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों ने अपनी जानकारी और प्रगति रिपोर्ट पेश की। इस दौरान जनपद अध्यक्ष विनय भगत, उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, जिला महामंत्री संजय सिंह, विधायक प्रतिनिधि शिवनाथ जायसवाल, राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान, तहसीलदार सालिक राम गुप्ता, नरेंद्र कंवर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह, रेंजर महाजन साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आदित्य पटनवार, नव पदस्थ बीएमओ आरके जायसवाल, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविंद्र लाल, आशीष सिन्हा जानू, राम सोनवानी, अमृता भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## कोडाकू मरीज अस्पताल से लापता जेडी ने दिए जांच के निर्देश

**अंबिकापुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र से कोड़ाकू मरीज के लापता होने के मामले में जांच के निर्देश दिए है। जेडी ने जांच टीम का गठन कर दो दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने कहा है। इसके साथ ही जेडी डॉ. शुक्ला ने पीएचसी पम्पापुर और धरमपुर के अनुपस्थित चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को अवैतनिक करने का आदेश दिया है। बता दें कि दूरस्थ क्षेत्र ग्राम गोरगी रामकापारा निवासी नान राम कोड़ाकू को परिजन द्वारा झेलगी में लादकर 25 किमी पैदल चलने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलने और पैदल झेलगी में लादकर मरीज लेन की सूचना मिलने के बाद एसडीएम जांच के लिए अस्पताल पहुंचे थे लेकिन अस्पताल से मरीज रहस्यमय ढंग से लापता हो गया था। जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली और मरीजों के देखरेख को लेकर सवाल उठने लगे थे। अब तक लापता कोड़ाकू मरीज का पता नहीं चल सका है। इधर इस मामले में संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. अनिल शुक्ला ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीएचसी प्रतापपुर की इस लापरवाही की जांच के लिए जांच के निर्देश दिए है और जांच रिपोर्ट दो दिवस के भीतर प्रस्तुत करने कहा है।

- झेलगी में लादकर परिजन पहुंचे थे परिजन

### अवैतनिक किए गए चिकित्सक

इसके साथ ही संयुक्त संचालक श्री शुक्ला ने बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई की है। बता दें कि जेडी डॉ. शुक्ला ने 4 सितम्बर को सूरजपुर जिले के पीएचसी पंपापुर व धरमपुर का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अब जेडी ने डॉ. प्रज्जवल सिंह चिकित्सा अधिकारी, श्रीमती सत्यभामा शर्मा पर्यवेक्षक महिला, श्रीमती श्रीती ओझा लैब टेक्नीशियन प्राथमिक स्वास्थ्य पंपापुर व शबाना खातून एएनएम को उक्त अनाधिकृत अनुपस्थित दिवस को अवैतनिक कर दिया है।

## दवा छिड़काव के बाद झुलस गई धान की फसल, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड के ग्राम लोसगी पंडरी पानी में धान फसल को कीड़ों से बचने के लिए विशेष आरक्षित पण्डो जनजाति का किसान फसल में दवा का छिड़काव किया। फसल में दवा छिड़काव के बाद धान का फसल झुलस कर बर्बाद हो गया। लोस्गी पंडरीपानी निवासी भोज राय आ. गेंदी राम पण्डो ने बताया कि उसने लगभग अपने दो एकड़ खेत में धान की फसल लगाई है। धान फसल बाली को कीड़े खा रहे थे फसल को बचाने किसान के द्वारा लखनपुर के एक दुकान से दवा ले जाकर छिड़काव किया। दवा छिड़काव के बाद धान का फसल झुलस कर बर्बाद हो गया धान फसल के बर्बाद होने के बाद किसान को लाखों रुपए की छती हुई। ऐसे में किसान ने शासन प्रशासन से मुआवजा की मांग की है।

- फसल को कीड़े से बचाने डाली थी दवा



### बाजार से चोरों ने पार किया बाइक

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी सागर साय 13 सितंबर को पड़ोसी सूरज प्रसाद आ. ओगर साय (38 वर्ष) का बाइक को लेकर ग्राम सोनगरा स्थित साप्ताहिक बाजार खरीदारी करने गया था। बाइक को बाजार के समीप खड़ा कर खरीदारी करने चला गया और कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं तो घटना की जानकारी बाइक मालिक को दी। घटना की रिपोर्ट सूरजप्रसाद ने भटगांव थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# अग्रसेन जयंती पर हो रहे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है। 8 से 22 सितंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सभा द्वारा किया जाएगा।

- रक्तदान शिविर में समाज के लोगों ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

8 सितंबर को क्रिकेट मैच अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ गांधी स्टेडियम में किया गया था जिसका समापन 12 सितंबर को किया गया। 11 सितंबर को विधिवत अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ अग्रसेन भवन में अग्रसेन महाराज का ध्वज फहरा कर किया गया। ध्वजारोहण पश्चात भगवान अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष लखीराम अग्रवाल, रमेश बंसल, विनोद अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवती मंच अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, युवा मंच के अध्यक्ष यश अग्रवाल उपस्थित रहे। मंच का संचालन अग्रवाल सभा के सचिव संजय अग्रवाल ने किया। अध्यक्ष संजय मित्तल ने अग्रवाल ने बताया कि सभी के सहयोग से सभी वर्गों का ध्यान में रखते हुए विभिन्न आयोजन किया जा रहा है। अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान चित्रकारी प्रतियोगिता, सामाजिक नारा लिखो प्रतियोगिता, सुडोकू प्रतियोगिता, टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता, लूडो प्रतियोगिता विविध वेशभूषा प्रतियोगिता, दौड़ प्रतियोगिता, साइकिल रेस, वॉलीबॉल प्रतियोगिता, बैडमिंटन प्रतियोगिता छोटे बच्चों हेतु जलेबी दौड़, फुग्गा दौड़, ट्राई साइकिल रेस, सामान पहचानो, अग्र आइडल,वेट लॉस प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता गेट रेडी फॉर स्कूल प्रतियोगिता, जोड़ी कमाल की प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता, स्लो स्कूटी प्रतियोगिता, मैं और मेरी बाई प्रतियोगिता, सीन पर प्ले प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा चुका है जिसमें सैकड़ो बच्चे,महिला व पुरुषों ने भाग लिया।

प्रथम द्वितीय प्रतिभागियों को इनाम भी वितरित किया गया। आयोजन के दौरान भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। प्रभारी विनोद अग्रवाल द्वारा बताया गया कि पूरे जयंती महोत्सव के दौरान सर्व समाज हेतु भंडारा लगाया जाता है जो की अग्रसेन भवन के बाहर वितरण किया जा रहा है। खेल कूद, संस्कृति व अन्य आयोजनों में अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल सहसचिव घनश्याम गर्ग, पवन गर्ग, कोषाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, लेख परीक्षक संजय जालान, सलाहकार मनोज जैन, प्रवक्ता मनोज अग्रवाल,भोजन प्रभारी विनोद अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, युवा मंच अध्यक्ष यश गर्ग, महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल व अन्य प्रभारी उपस्थित रहे।




### 80 यूनिट किया गया रक्तदान

मंगलवार को समाज द्वारा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया जिसमें लगभग 80 यूनिट रक्तदान किया गया। रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सर्वप्रथम अग्रवाल सभा अध्यक्ष संजय मित्तल व महिला सभा अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, युवा मंच के अध्यक्ष यश अग्रवाल द्वारा रक्तदान कर शिविर की शुरुआत की। शिविर में युवा मंच, अग्रवाल सभा कार्यकारिणी,महिला सभा कार्यकारिणी के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों ने भी रक्तदान किया।रक्तदान प्रभारी अग्रवाल सभा उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि समाज कल्याण हेतु अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसे जिला चिकित्सालय व अन्य ब्लड बैंकों में दान किया जाता है।

## हिन्दी दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हिन्दी दिवस पर तुलसी साहित्य समिति ने वरिष्ठ शायर यादव विकास की अध्यक्षता महामना मालवीय मिशन के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह, गीता मर्मज्ञ पं.रामनारायण शर्मा, वरिष्ठ कवि एसपी जायसवाल, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चंद्रभूषण मिश्र और पूर्व व्यख्याता सच्चिदानंद पांडेय के आतिथ्य में काव्यगोष्ठी की।

ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि हिन्दी आज देश के बहुसंख्यक जनों की बोलचाल की भाषा ही नहीं अपितु लोक व्यवहार, सरकारी कामकाज, शिक्षा, रोजगार आदि की भाषा भी है। स्वाधीनता आंदोलन में हिन्दी भाषा ने ही देश को एकता के सूत्र में पिरोया था। आज स्वतंत्रता-सेनानियों के संकल्पों को दोहराने और उनके सपनों को साकार करने के साथ नई पीढ़ी को साम्राज्यवाद के विरूद्ध स्वाभिमान व स्वतंत्रता की लड़ाई में हिन्दी के योगदान के विषय में बताने की आवश्यकता है। पं.रामनारायण शर्मा ने हिन्दी के संवर्धन हेतु भारतीय संविधान के अनुच्छेद 341 का उल्लेख किया, जिसमें हिन्दी को भारतीय संघ की राजभाषा स्वीकार किया गया है तथा अनुच्छेद 351 के द्वारा केंद्र शासन को हिन्दी के प्रचार-प्रसार, विकास और उसे समृद्ध करने एवं हिंदी के लेखकों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए है। गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष कवि मुकुंद लाल साहू ने हिन्दी, बिंदी सी सजी, भारत मां के भाल, एसपी जायसवाल ने हिन्दी राष्ट्रभाषा है, प्रताप पाण्डेय ने भारत की शान है हिन्दी, गीता दुबे ने हिन्दी देश की आन है हिन्दी, जय गुप्त ने गर्व हमें हर भाषा पर है, माधुरी जायसवाल ने हिंदोस्ता की बहार है हिन्दी रचना सुनाई। आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चंद्रभूषण मिश्र, देवेन्द्रनाथ दुबे, रामलाल विश्वकर्मा, कृष्णकांत पाठक, अजय सागर और शायर-ए-शहर यादव विकास ने भी अपनी कविताओं का पाठ किया। आभार ज्ञापन माधुरी जायसवाल ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, मनीलाल गुप्ता, हरिशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

## पदाधिकारियों ने युवाओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने की दी समझाइश

# बिंझिया समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

अखिल भारतीय बिंझिया समाज की क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक प्रदेश संगठन एवं क्षेत्रीय संगठन के निर्देशानुसार पूर्व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तपेश्वर राम बिंझिया की अगुवाई में जयनगर में बैठक सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं गोपाल राय बिंझिया की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव हरदेव सिरदार,कार्यक्रम की सभापति शुकरु राम बिंझिया,अध्यक्ष बंधू राम बिंझिया, पूर्व उपाध्यक्ष तपेश्वर राम,क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष शंकर गवंटिया,क्षेत्रीय प्रवक्ता देवधन राम बिंझिया,सह प्रवक्ता राजेश्वर सिरदार,उपाध्यक्ष करिमन राम, संरक्षक राम प्रसाद, सोहरसाय,श्री राम अवतार, बसंत बिंझिया, व्यवस्थापक केशर गवटिया, सपूरन राम बिंझिया को आमंत्रित कर मंचासीन कराया गया, यहां पर सभी मंचस्थ अतिथियों द्वारा स्वागत भाषण में समाज सुधार, शिक्षा पर जोर, युवाओं को टेक्निकल शिक्षा, व्यवसायिक शिक्षा,समाज के पढ़ने वाले छात्र - छात्राओं कैरियर गाईड लाईन देने,साथ ही महिला संगठन को और मजबूत करने की जानकारी,युवा संगठन का विस्तार, प्रति माह बैठक करने की सलाह दी गई एवं समाज के लोगों को नशा सेवन से दुर रहने की बात कही गई,समाज के लोगों को धर्मांतरण से दुर रहने की बात कही गई, इसके लिए कड़ी कानून बनाने के लिए भी विचार किया गया,क्षेत्रीय प्रवक्ता देवधन राय बिंझिया ने बताया कि अब हमारा समाज संगठन और मजबूती के साथ विकास की ओर आगे बढ़ रहा है,संगठन के लोग सरपंच, उपसरपंच, जिला पंचायत सदस्य समेत अन्य निर्वाचित पदों पर रहकर आमजनों की मदद के लिए आगे बढ़े हैं जो कि गर्व की बात है,इस दौरान परस राम, पातर साय सरपंच, श्याम नारायण, कृष्ण पाल बिंझिया, हरिराम, फलेश्वर बिंझिया, गीता राम,दुबराज,राम अवतार, रामनाथ, राजनाथ सिंह, बिगन राम,जय प्रकाश, विजय सिरदार, उदल बिंझिया व अन्य उपस्थित थे।कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदेश महामंत्री देवशरण सिंह बिंझिया एवं आभार व्यक्त राजेश्वर सिरदार ने किया।



तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



2 दवा छिड़काव के बाद झुलस गई धान की फसल, किसान परेशान




## खबर संक्षेप

### आपराधिक गतिविधियों में लिप्त नव आरक्षक बर्खास्त

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे ने अनुशासनहीनता और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने पर नव आरक्षक 312 अमित कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। अमित कुमार को 30 अप्रैल 2024 को अनुकंपा नियुक्ति पर आरक्षक (जीडी) बनाया गया था। प्रशिक्षण केन्द्र माना रायपुर में आमद देने के बाद वे 23 दिसंबर 2024 से बिना सूचना अनुपस्थित हो गए। 269 दिनों तक गैरहाजिर रहने और नोटिस के बावजूद स्पष्टीकरण न देने के साथ-साथ उन पर थाना उदयपुर, सरगुजा में अपराध क्रमांक 87/2025 दर्ज पाया गया। जांच में दोषी पाए जाने पर पुलिस अधीक्षक ने 17 सितंबर से उनकी सेवा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। अनुपस्थिति की अवधि को काम नहीं वेतन नहीं के आधार पर निराकृत किया गया है।

### कलेक्टर जनदर्शन में 15 आवेदन

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में 16 सितंबर को कुल 15 आवेदन प्राप्त हुए।

### हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के लिए लगेंगे शिविर

**बैकुण्ठपुर।** सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी प्रकार के वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। इस आदेश के पालन को सुनिश्चित कराने के लिए जिला परिवहन विभाग द्वारा जिला परिवहन कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से 10 अक्टूबर तक विकासखंड बैकुंठपुर के 22 सितंबर को ग्राम पंचायत गिरजापुर, 23 सितंबर को ग्राम मनसुख, 24 सितंबर को ग्राम बड़गांव, 25 सितंबर को ग्राम नरकेली, 26 सितंबर को ग्राम कंचनपुर, 29 एवं 30 सितंबर को ग्राम चिरमी, 1 अक्टूबर को ग्राम अहमर, 3 अक्टूबर को ग्राम मोदीपारा, 6 एवं 7 अक्टूबर को ग्राम सरभोका, 8 अक्टूबर को ग्राम बिशुनपुर जूनापारा, 9 अक्टूबर को ग्राम नगर तथा 10 अक्टूबर को ग्राम सरईगहना में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के माध्यम से वाहन मालिक आरसी, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित शुल्क जमा कर एचएसआरपी की बुकिंग एवं फिटमेंट करवा सकते हैं। जिन वाहन स्वामियों का मोबाइल नंबर आरसी में अपडेट नहीं है, वे मौके पर ही मोबाइल नंबर भी अपडेट करवा सकेंगे।

### चौघढ़ा में पीआरए का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** आत्मा योजनांतर्गत ग्राम स्तर पर सहभागिता आधारित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए कृषि विभाग द्वारा विगत 10 सितंबर को विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम चौघढ़ा में पीआरए का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों के साथ मिलकर ग्राम का सोशल मैप एवं रिसोर्स मैप तैयार किया गया, जिसके माध्यम से गांव की सामाजिक एवं प्राकृतिक संसाधनों की स्थिति का आकलन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में कृषक, महिला स्वसहायता समूह की सदस्याएं, प्रगतिशील किसान, सरपंच, जनप्रतिनिधि तथा विभागीय अधिकारी शामिल हुए। कृषि विभाग से सहायक संचालक कृषि जयंत कुमार पैकरा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दीपक कुमार साहू एवं आशीष नामदेव, बीटीएम अगमदास बजारा, एटीएम धर्मराज शांडिल्य तथा कृषक मित्र उपस्थित रहे।

## मुरमा गांव में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

# एकल खिड़की प्रणाली से होगा लोगों की समस्याओं का निदान



फीता काटकर शुभारंभ करते जपं अध्यक्ष उदय।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत बुधवार को ग्राम मुरमा में आदि सेवा केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष बैकुंठपुर उदय सिंह ने फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बैकुंठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ खैरवार, सहायक आयुक्त आदिवासी कल्याण विभाग श्रीमती उषा लकड़ा, डीएमटी-बीएमटी पंचायत सचिव, बिहान दीदियां, शिक्षक साथी सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री खैरवार ने जानकारी देते हुए कहा कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत यह आदि सेवा केन्द्र ग्राम स्तर पर एकल खिड़की केन्द्र के रूप में कार्य करेगा। यहां ग्रामीणजन अपनी सभी समस्याओं एवं मांगों को ग्राम विकास पत्र के माध्यम से दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्राप्त समस्याओं का साप्ताहिक रूप से संकलन और समीक्षा की जाएगी। तत्पश्चात आगामी 2 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा में इन्हें अनुमोदित कर अंतिम रूप दिया जाएगा। इसके आधार पर ग्राम की विकास कार्ययोजना तैयार होगी, जो विजन 2030 के अनुरूप होगी।

**क्या है योजना**

आदि कर्म योगी अभियान क्या है, यह भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। सेवा संकल्प समर्पण पर आधारित अभियान है। ग्राम स्तर पर आदि सेवा केन्द्र बनाकर ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। ग्राम विकास पत्र के माध्यम से सभी मुद्दों का संकलन के साथ विशेष ग्रामसभा में अनुमोदन के बाद विकास कार्ययोजना तैयार करना है। लक्ष्यः विजन 2030 के अनुरूप सतत एवं समग्र ग्राम विकास करना है।

## महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतें

- स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के निर्देश तथा छग स्वास्थ्य सेवाएं संचालनालय के आदेशानुसार बुधवार को जिला पंचायत आडिटोरियम से स्वस्थ नारी,सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ हुआ। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान का राष्ट्रीय उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के धार जिले से किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि अगर मां बीमार हो जाए, तो परिवार की सारी व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं, इसीलिए यह अभियान माताओं और बहनों के उज्जवल भविष्य के लिए है। लक्ष्य है कि कोई भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में गंभीर बीमारी का शिकार न हो। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन में सबसे बड़ी भूमिका महिलाओं की है। मितानिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गर्भवती व धात्री माताओं की नियमित जांच करें और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएं। कोरिया मोदक जैसे पोषणयुक्त आहार का वितरण अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि 35 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं कैंसर व अन्य रोगों की नियमित जांच कराएं। जब महिलाएं स्वस्थ रहेंगी, तभी परिवार समृद्ध और समाज सशक्त होगा। उन्होंने आगामी मेगा हेल्थ कैम्प की जानकारी भी दी और स्वास्थ्य एवं महिला-बाल विकास विभाग को संस्थागत प्रसव और पोषण वितरण में कोई कमी न करने के निर्देश दिए। 10 मितानिन व 10 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को श्रीफल व शॉल से सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित ⏭ शेष पेज 4 पर





जब्त लकड़ी।

## वन विभाग की बड़ी कार्रवाई

# 1476 नग यूकेलिप्टस बल्लियों से भरा ट्रक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के वन परिक्षेत्र कुंवारपुर की संयुक्त टीम ने बीती रात्रि बड़ी कार्रवाई करते हुए चांटी बैरियर में ट्रक क्रमांक एमपी 20 जीए 2927 को पकड़ा।

ट्रक में ग्राम नगरी (छग) से 1476 नग यूकेलिप्टस बल्लियां लोड कर सीधी (मध्यप्रदेश) तक अवैध रूप से ले जाई जा रही थीं। वन विभाग ने बताया कि यह परिवहन ग्राम पंचायत मट्टा, एमसीबी के सरपंच द्वारा मुक्त अभिवहन टीपी के अनुसार किया जा रहा था, जो नियम विरूद्ध पाया गया। मामले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 15820/23 16 सितंबर पंजीबद्ध कर वाहन सहित वनोपज को जब्त कर लिया गया है। जब्त ट्रक को वनोपज सहित वन विश्राम गृह जनकपुर परिसर में खड़ा कराया गया है।

# नवोदय विद्यालय कोरिया को मिली जीआरआईएचए में 5 स्टॉर रेटिंग

**बैकुण्ठपुर।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोरिया को भारत की हरित इमारतों के लिए राष्टीय रेटिंग प्रणाली, एकीकृत आवास मूल्यांकन (गृहा) के लिए ग्रीन रेटिंग के अंतर्गत प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्रदान की गई। उक्त कार्यक्रम में भोपाल संभाग के उपायुक्त आरके वर्मा रहे उपस्थित।

प्राचार्य पी. डनसना ने कहा कि यह उपलब्धि पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कोरिया को सतत विकास के क्षेत्र में भारत के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शामिल करती है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। यह पुरस्कार छग के केवल दो नवोदय विद्यालयों कोरिया और सूरजपुर को प्राप्त हो सका। यह मान्यता स्थायी प्रथाओं, पर्यावरण अनुकूल बुनियादी ढांचे और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता में विद्यालय के नेतृत्व को दर्शाती है।



ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (टेरी) द्वारा विकसित और भारत सरकार के नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा समर्थित गृहा उन संस्थानों को प्रदान किया जाता है जो स्थायी स्थल नियोजन, जल एवं ऊर्जा दक्षता, अपशिष्ट प्रबंधन और नवीकरणीय संसाधनों के उपयोग में उत्कृष्टता प्रदर्शित करते हैं। इस उपलब्धि पर प्राचार्य ने कहा गृहा 5-स्टार रेटिंग प्राप्त करना ना केवल हमारे विद्यालय के लिए सम्मान की बात है, बल्कि पर्यावरणीय स्थिरता के क्षेत्र में मानक स्थापित करने की हमारी जिम्मेदारी भी है।

# छात्र-छात्राओं और एनएसएस स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के दौरान शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों श्रीमती जयश्री प्रजापति एवं प्रो. अनुरंजन कुजूर के संयोजन में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्राचार्य डॉ. हिमधर ने विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ को सेवा पखवाड़ा की महत्ता से अवगत कराते हुए कहा कि भारत की परंपरा में सेवा को सर्वोच्च धर्म माना गया है। सेवा केवल शासन का कार्य नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई। द्वितीय चरण में छात्र-छात्राओं और स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। तौफिक खान, कृष्णा राजवाड़े, तनिषा, तनुप्रिया, रीता एवं डोलिमा के नेतृत्व में गाजर घास का उन्मूलन किया गया तथा पन्नी, पाउच व प्लास्टिक एकत्रित कर उचित रूप से निपटान किया गया। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा है, स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता, हमने ठाना है। स्वच्छ भारत बनाना है जैसे प्रेरक नारों के साथ श्रमदान किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कार्यक्रम सहायक आरिफ ढेबर, राजकुमार राजवाड़े तथा स्वयंसेवक तनुप्रिया, शशि कुमार, तौफिक खान, नीरज, लवकुमार, श्रेयश दिवान, तनिषा, मुस्कान, साक्षी, रीना, डोलिमा, विकास खटिक आदि सक्रिय रूप से शामिल रहे। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुरंजन कुजूर द्वारा किया गया।

## रामानुज मिनी स्टेडियम में होगा रावण दहन



**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम में विजयादशमी के अवसर पर इस वर्ष भी भव्य रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कोरिया सर्व विकास समिति एवं श्री राधे वेलफेयर समिति द्वारा जिलेवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक भईयालाल राजवाड़े होंगे। इसके अलावा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, जनप्रतिनिधि, जिले के अधिकारीगण, विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। आयोजन समिति के सचिव विवेक गुप्ता और राधे सोशल वेलफेयर समिति की अध्यक्ष रूचि अभय बड़ेरिया ने इसकी जानकारी कलेक्टर कोरिया को दी है।

## पीएम के जीवन से लेकर विकास की गाथा का प्रदर्शनी



**बैकुण्ठपुर।** छग रजत महोत्सव के साथ आदि सेवा पर्व एवं सेवा पखवाड़ा के अवसर पर जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला पंचायत ऑडिटोरियम परिसर में भव्य छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। इसमें जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जनपद पंचायतों के प्रतिनिधि, मीडिया प्रतिनिधि सहित काफी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में छग को मिली सौगातों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन सफर को चित्रों केमाध्यम से प्रदर्शित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि यह आयोजन न केवल सेवा और समर्पण की भावना को उजागर करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित भी करेगा। जिला पंचायत परिसर में आयोजित इस प्रदर्शनी को आम लोग काफी संख्या में देख रहे हैं और प्रदर्शित सामग्री की सराहना कर रहे हैं।

## राम मंदिर तालाब में चला स्वच्छता अभियान




**बैकुण्ठपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर द्वारा एक दिन, एक घंटा-एक साथ सफाई अभियान चलाया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में राम मंदिर तालाब की सफाई की गई। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ काफी संख्या में गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। सभी ने मिलकर श्रमदान करते हुए तालाब की साफ-सफाई की और संदेश दिया कि जिस प्रकार हम अपने घर को साफ रखते हैं, उसी तरह आसपास और पूरे शहर को भी स्वच्छ रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। प्रतिभागियों ने कहा कि स्वच्छ परिवेश से ही स्वस्थ जीवन संभव है। शहर की स्वच्छता के लिए सभी को मिलकर आगे आना होगा। अभियान 2 अक्टूबर तक नगर पालिका क्षेत्र में जारी रहेगा।

## गौ विज्ञान परीक्षा विषय पर कार्यशाला



**बैकुण्ठपुर।** संकुल केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलका में बुधवार को गौ विज्ञान परीक्षा विषय पर संकुल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड नोडल हरिकांत अग्निहोत्री, संकुल प्राचार्य रमाशंकर साहू, गौ विज्ञान परीक्षा प्रभारी सुशील जायसवाल, माध्यमिक शाला सलका प्रधानपाठक कांती बड़ा, माध्यमिक शाला अमरपुर से हेमंत कश्यप, माध्यमिक शाला सलबा से राजेश साहू, सरईगहना से पंकज बाजपेई तथा माध्यमिक शाला भंडारपारा से अनीता शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला में हायर सेकेंडरी स्कूल सलका के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। वक्ताओं ने गौ माता का मानव जीवन में महत्व बताते हुए विद्यार्थियों को गौ विज्ञान परीक्षा में सम्मिलित होने के लाभ की जानकारी दी और अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

## सेजस सोनहत में अग्निवीर सत्र का आयोजन



**सोनहत।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सोनहत में कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अग्निवीर सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया, अग्निपथ योजना तथा उससे जुड़ी संभावनाओं की जानकारी देना था। इस अवसर पर न केवल स्वामी आत्मानंद विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, बल्कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनहत तथा शासकीय उच्च विद्यालय सोनहत के विद्यार्थी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। विशेषज्ञ वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना के अंतर्गत उपलब्ध अवसरों, चयन प्रक्रिया, शारीरिक व मानसिक तैयारी तथा अनुशासन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और सैन्य जीवन की झलक प्राप्त की। विद्यालय प्राचार्य रविकांत मिश्रा ने कहा कि ऐसे सत्र विद्यार्थियों में राष्टभक्ति की भावना जगाने के साथ-साथ उनके करियर निर्माण में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों ने भारतीय सेना में योगदान देने की प्रेरणा ली और देश सेवा का संकल्प दोहराया।

## धूमधाम से हुई पूजा-अर्चना

# पूजे गए देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना 17 सितंबर को जिलेभर में उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से ही कई लोगों केद्वारा अपने अपने प्रतिष्ठानों में मशीनरियों की साफ -सफाई कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। व्यापारिक प्रतिष्ठानों, वर्कशॉप, गैराज, कार्यालयों में सभी जगह मशीनरी की पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया।

वहीं कई लोगों के द्वारा अपने दुपहिया, चार पहिया वाहनों को इस दिन सुबह धुलाई कराकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। इसके अलावा विभिन्न प्रतिष्ठानों एवं फर्म संचालकों के द्वारा भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। जानकारी के अनुसार प्रमोद सिंह, अभिषेक सिंह वर्ग-1 इलेक्ट्रिकल कांट्रेक्टर बैकुंठपुर, राजेन्द्र डीजल्स संचालक राजेन्द्र राणा, रोहित राणा कॉलेज रोड बैकुंठपुर, अनिल कुमार साहू फर्म शिवम ब्रिक्स चिमनी इंडस्ट्रीज ग्राम खाड़ा बैकुण्ठपुर, प्रो. वेद प्रकाश गुप्ता दीप्ती इंटरप्राइजेज दीप्ती डीलर्स पैलेस के सामने जूनापारा रोड बैकुंठपुर, न्यू श्री सांई बिल्डिंग कंट्रक्शन रामानुज कॉम्प्लेक्स जूनापारा बैकुण्ठपुर, कमलेश साहू (पिंटू) संचालक देव स्टोन क्रेशर देव ब्रिक्स चिमनी इंडस्ट्रीज खाड़ा के द्वारा अपने प्रतिष्ठान में ⏭ शेष पेज 4 पर



पूजा-अर्चना राजेन्द्र डीजल के संचालक।

## चर्चा कालोनी में हुई पूजा अर्चना



**चरचा कॉलरी।** उद्योग जगत के संरक्षक देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा बुधवार को चरचा कॉलरी क्षेत्र में आस्था और उल्लास के साथ मनाई गई। पूजा-पाठ और भंडारे के बीच पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल छाया रहा। श्रमिकों व कर्मचारियों ने औजारों, मशीनों और वाहनों की विधिवत पूजा कर उद्योग की उन्नति और सुरक्षा की कामना की। एसईसीएल चरचा ईस्ट, चरचा वेस्ट, कटगोड़ी सॉफ्ट, सीएचपी साइडिंग प्वाइंट, वर्कशॉप और इलेक्ट्रिक फायर सहित प्रमुख स्थलों पर भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गइं। नगर पालिका शिवपुर चरचा के फिल्टर प्लांट में नपा कर्मचारियों ने तथा सांइं ऑटो संघ ने भी सामूहिक रूप से पूजन-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। छोटे-बड़े दुकानदारों और आम नागरिकों ने भी अपने कार्यस्थलों व वाहनों की पूजा कर प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रेलवे साइडिंग में बैकुंठपुर रोड सीनियर सेक्शन इंजीनियरिंग रेल पथ कार्यालय ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर कृषि अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**लखनपुर।** छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर 9 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर लखनपुर कृषि विस्तार अधिकारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष लखन राम के नेतृत्व में लखनपुर तहसील कार्यालय पहुंचे। संघ ने सीएम और कृषि मंत्री ने नाम तहसीलदार उमेश तिवारी को ज्ञापन सोपा है। इस दौरान संघ ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर शासन के शासन के ध्यान आकर्षण हेतु 8 व 9 सितंबर को समस्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विस्तार अधिकारियों ने काली पट्टी लगाकर काम किया लेकिन अब तक मांगें लंबित है। उन्होंने बताया कि विरोध स्वरूप संघ के सभी सदस्य बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य का निष्पादन नहीं करेंगे। ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और कृषि विस्तार अधिकारी के सदस्य मौजूद रहे।

### अर्बन बैंक के शेयर धारक अब ऑनलाइन देख सकेंगे एकाउंट

**बिश्रामपुर।** गत 13 सितंबर को नागपुर में अर्बन बैंक एम्प्लॉई कॉपरेटिव क्रेडिट सोसाईटी का 96 वां वार्षिक अधिवेशन संपन्न हुआ,उक्त अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक नागपुर दीपक गुप्ता उपस्थित थे,अध्यक्षता प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी पूर्व तटीय रेलवे ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय भारती वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी एवं वरिष्ठ संरक्षा अधिकारी नागपुर की उपस्थित थे। अधिवेशन की शुरुआत अतिथियों के हाथों अर्बन बैंक के परिवर्तन एप्प का शुभारंभ कर किया गया,बैंक के चेयर पर्सन एसपी सिंह द्वारा बताया गया कि सितम्बर 2024 में संपन्न हुए अर्बन बैंक के चुनाव में परिवर्तन पैनल विजयी हुआ था,उन्होंने बताया कि एक वर्ष के अल्प समय मे घोषणा पत्र में किये वायदे के अनुसार लोन पर ब्याज दर 10 से 9%, लोन राशि 20 लाख तक,लोन राशि का 0.25% एकमुश्त भुगतान से लोन बीमा देने की सुविधा,डीविडेंट पर 7 से 7.5% ब्याज दर,उन्नत व नए हालीडे होम, हालीडे होम आवंटन में पारदर्शिता के साथ साथ ही आज सम्पूर्ण रेलवे कॉपरेटिव क्रेडिट सोसायटी एप्प बेस प्रथम सोसायटी बन गया है, जिससे सभी शेयर धारकों को अब ऑन लाइन सुविधा प्राप्त होगी,शेयर धारक अब अपने मोबाईल पर ही खाते का विवरण, लोन किश्त की जानकारी, हालीडे होम बुकिंग कर सकेंगे,भविष्य में ऋण की प्रक्रिया एप द्वारा ही संचालित किए जाने का प्रस्ताव है,अधिवेशन में दक्षिण पूर्व,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं पूर्व तटीय रेलवे के 18 डायरेक्टर सहित 691 डेलीगेट ने सोसायटी को और उन्नत करने के लिए अपने सुझाव दिए हैं,अधिवेशन के दौरान भविष्य में सभी शेयर धारकों को और भी बेहतर सुविधा प्रदान करने का संकल्प लिया गया।बैठक में बैंक के चेयर पर्सन एसपी सिंह सहित अर्बन बैंक बिलासपुर के डायरेक्टर रामकुमार यादव सहित बैंक से जुड़े पदाधिकारी सम्मेलन में उपस्थित थे।

### आवासों के निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान

# पीएम आवास योजना शहरी 33 हितग्राहियों का गृहप्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 स्थित सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत हितग्राहियों का भव्य गृहप्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 33 हितग्राही अपने नए घरों में प्रवेश कर स्वप्निल आवास का सपना साकार होते देख भावुक और उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल रहे।



आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

विशिष्ट अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, मुख्य नपा अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, पार्षद श्रीमती रामकली पाल, कुंडल सायं, प्रदीप राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा एवं श्याम नारायण यादव मंचासीन रहे। अपने उद्बोधन में नपाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि यह योजना समाज के कमजोर वर्ग को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास है। उन्होंने सभी हितग्राहियों को सुख-शांति और समृद्धि की शुभकामनाएं दीं। नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने इसे संघर्ष और संकल्प का प्रतीक बताते हुए हितग्राहियों से नए घरों को स्वच्छ और आदर्श आवास बनाने की अपील की। वहीं मुख्य नपा अधिकारी वशिष्ठ ओझा ने योजना की पात्रता व लाभ की जानकारी दी। उप अभियंता आलोक चक्रधारी ने बताया कि आवासों के निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। अन्य अतिथियों ने भी इसे गरीब परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। समापन पर सभी 33 हितग्राहियों को गृहप्रवेश स्मृति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर पालिका शिवपुर चरचा की टीम ने सभी हितग्राहियों को व्यक्तिगत रूप से बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाजपा ने शुरु किया सेवा पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशव्यापी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत कोरिया जिले में बुधवार से विभिन्न सेवा गतिविधियों की शुरूआत हो गई। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। जिले के सभी मंडलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। बैकुंठपुर मंडल ने जिला चिकित्सालय परिसर और राम मंदिर तालाब में सफाई कार्य किया।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और सामाजिकजन ने श्रमदान किया। जिला मुख्यालय स्थित मानस भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन और राजनीतिक यात्रा पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में नरेन्द्र मोदी के बचपन से लेकर देश के सर्वांगीण विकास तक की झलकियां प्रदर्शित की गइं। बड़ी संख्या में स्वच्छता दीदीयों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रधानमंत्री की योजनाओं की जानकारी ली। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बैकुंठपुर के मानस भवन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच करवाई और दवाइयां प्राप्त कीं। वहीं सोनहत मुख्यालय में भी भाजपा मंडल द्वारा स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर में युवाओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की और ब्लड बैंक में पंजीयन कराया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, सहित पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

### गांधी जयंती तक होंगे सेवा कार्यक्रम



### सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरूआत



**मनेन्द्रगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में सेवा पखवाड़ा अभियान की शुरूआत हुई। इस मौके पर छग राज्य मछुआरा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नपाध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, जिला महामंत्री आशीष मजूमदार, जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी, प्रवीण निशि, पार्षद नीलू जायसवाल, पार्षद ओमप्रकाश जायसवाल, प्रमोद बंसल, विनीत जायसवाल, मंडल उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, ब्रजेश जायसवाल, शकुंतला जायसवाल, सभाजीत यादव, हीरालाल रजक, शारदा त्रिपाठी, राहुल अग्रवाल, नीरज जायसवाल सहित नगर के गणमान्यजन काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक, शीतला माई की मढ़िया तथा मुख्य मार्ग में सफाई अभियान चलाया। सभी कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता और सेवा को जन-आंदोलन का रूप देने का संकल्प लिया।

# रैली में स्वच्छता दीदियों और नागरिकों ने दिखाया उत्साह



**चरचा कॉलरी।** राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव 2025-26 के तहत नगर पालिका शिवपुर चरचा के तत्वाधान में नगर पालिका परिषद परिसर में बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ शिवपुर चरचा में राज्य स्थापना रजत जयंती महोत्सव

इस अवसर पर छग की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, विकास यात्रा और राज्य स्थापना दिवस के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। मुख्य आकर्षण के रूप में नगर पालिका परिसर से एक विशेष रैली निकाली गई। रैली में नगर के नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान से जुड़ी स्वच्छता दीदियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने सुसज्जित झांकियों के माध्यम से राज्य की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक संदेशों को प्रदर्शित किया। वहीं स्वच्छता दीदियों ने हाथों में प्लेकार्ड और बैनर लेकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान उत्साह का माहौल देखने लायक था। नागरिकों ने इस आयोजन को यादगार बनाने में सक्रिय सहयोग दिया। समापन अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की प्रगति में जन सहभागिता अनिवार्य है। स्वच्छता और विकास एक-दूसरे के पूरक हैं।

# रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरूआत बुधवार को चिरमिरी में हुई। 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले इस पखवाड़े का शुभारंभ जिला अस्पताल में बल्ड डोनेट और स्वास्थ्य शिविर से की गई। इसके बाद चिरमिरी के स्थानीय मंगल भवन पोड़ी में अनुभूति और प्रदर्शनी कार्यक्रम भी आयोजित रहा।



इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में तथा भारतीय जनता पार्टी जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पर जिला अस्पताल चिरमिरी में रक्तदान शिविर एवं विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने किया। उन्होंने रक्तदान शिविर का अवलोकन कर रक्तदान कर रहे युवाओं को प्रोत्साहित किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दोपहर 12 बजे तक 10 यूनिट रक्त एकत्र किया जा चुका था। भारतीय जनता युवा मोर्चा ने 200 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया है और रक्तदान का कार्य लगातार जारी है। इस अवसर पर नगर निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय, मंडल अध्यक्ष चिरमिरी पुरूषोत्तम सोनकर, सभापति संतोष सिंह, पूर्व सभापति, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, जिला महामंत्री भाजपा द्वारिका जायसवाल, भाजपा जिला मंडल के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के अध्यक्ष-महामंत्री, शक्ति केन्द्रों के प्रभारी-सहप्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं समितियां, जनप्रतिनिधिगण, महापौर, सभापति, पार्षद समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे।



# पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सोनहत में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**सोनहत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल सोनहत द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विविध जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया, मरीजों को फल वितरित किए गए तथा साप्ताहिक बाजार स्थल पर एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में स्थानीय नागरिकों की निःशुल्क जांच की गई एवं आवश्यक परामर्श तथा दवाइयां भी वितरित की गइं। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणजन लाभान्वित हुए। साप्ताहिक बाजार स्थल पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला मंत्री ईश्वर राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े महामंत्री मनोज साहू, जनपद अध्यक्ष आशा सोनपाकर, जनपद सदस्य सोनिया सुमित राजवाड़े, मंडल महामंत्री सुरेश राजवाड़े आदि मौजूद रहे।

# समय एवं तनाव प्रबंधन पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के मार्गदर्शन में विद्यार्थी सहायता मेंटरिंग एवं मनोवैज्ञानिक प्रकोष्ठ द्वारा 15 सितंबर को समय प्रबंधन और तनाव प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए रखा गया।




कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आरएन कच्छप एवं होली क्रॉस नर्सिंग कॉलेज अंबिकापुर से आइं वक्ता सिस्टर जेनिफर डिसूजा, एसोसिएट प्रोफेसर विनीता कच्छप तथा ट्यूटर मनीषा मिंज ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य ने प्रस्तुत किया, जबकि कार्यक्रम की रूपरेखा प्रभारी एवं संयोजक डॉ. सुमित कुमार डे ने दी। सिस्टर जेनिफर डिसूजा ने समय प्रबंधन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अनुशासनहीनता, कार्य के प्रति अरुचि और प्रोत्साहन की कमी ही समय नष्ट करने के प्रमुख कारण हैं। वहीं एसोसिएट प्रोफेसर विनीता कच्छप ने सकारात्मक दृष्टिकोण और सामाजिक कौशल पर जोर देते हुए कहा कि कार्य और जीवन के प्रति सही एटीट्यूड ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि समय पर स्वयं को न बदलने वाला व्यक्ति पीछे छूट जाता है। ट्यूटर मनीषा मिंज ने तनाव प्रबंधन पर विचार रखते हुए बताया कि समय का दुरूपयोग, नींद की अनियमितता और मोबाइल पर अत्यधिक समय व्यतीत करना तनाव के प्रमुख कारण हैं। तीनों वक्ताओं ने छात्राओं को भाषण कला, नेतृत्व क्षमता, सॉफ्ट स्किल एवं पब्लिक स्पीकिंग जैसे विषयों पर भी मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला के अंत में प्राचार्य डॉ. कच्छप ने अतिथि वक्ताओं को छात्राओं द्वारा निर्मित हस्तनिर्मित सीनरी स्मृति स्वरूप भेंट की। संचालन कॉमर्स विभाग की सहायक प्राध्यापक (अतिथि) सुश्री रिचा चेलकर ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. सुमित कुमार डे ने किया।

# नपा शिवपुर चरचा में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद् शिवपुर चरचा में स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नगर क्षेत्र में व्यापक स्तर पर चलेगा। अभियान की शुरूआत बुधवार की प्रातः 8 बजे वार्ड क्रमांक 1 स्थित पावन छठघाट में सामूहिक श्रमदान के साथ हुई। यह स्थल धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है।



कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा, उप अभियंता आलोक चक्रधारी, पार्षदगण, सफाई निरीक्षक, कर्मचारी एवं काफी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। अभियान के दौरान नगर के प्रमुख स्थलों चाईना ब्लॉक, सब्जी मंडी, सेंट्रल बैंक, बस स्टैंड, दुर्गा पंडाल परिसर आदि में विशेष श्रमदान किया जाएगा। साथ ही स्वच्छता शपथ, स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण, वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी, स्वच्छ स्ट्रीट फूड अभियान और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। नगर पालिका शिवपुर चरचा के अध्यक्ष ने नागरिकों से अपील की कि सभी लोग इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें और स्वच्छ, सुंदर व स्वस्थ नगर निर्माण में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सतत जिम्मेदारी है, जिसे सभी को अपने जीवन का हिस्सा बनाना होगा। इसके तहत 18 सितंबर चाईना ब्लॉक, सब्जी मंडी, सेंट्रल बैंक परिसर सफाई, 19 सितंबर नगर पालिका कार्यालय परिसर सफाई एवं शपथ, 22 सितंबर दुर्गा पंडालों के आसपास श्रमदान, 23 सितंबर बस स्टैंड श्रमदान व जागरूकता अभियान, 24 सितंबर स्वास्थ्य शिविर व हितग्राही सम्मिलन, 25 सितंबर एक दिन, एक घंटा, एक साथ कार्यक्रम, 26 सितंबर फिल्टर प्लांट में पौधरोपण, 29 सितंबर निबंध, पेंटिंग, कविता, पोस्टर प्रतियोगिता, 30 सितंबर शिव मंदिर परिसर सफाई व सिग्नेचर ड्राइव, 1 अक्टूबर वेस्ट टू आर्ट प्रदर्शनी, 2 अक्टूबर समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### महिलाएं अपने स्वास्थ्य...

पैकरा और उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े ने महिलाओं से आग्रह किया कि वे अपने स्वास्थ्य की अनदेखी न करें और समय-समय पर जांच अवश्य कराएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, जिला पंचायत व जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन डॉ. आयुष जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### जगह-जगह पूजे...

विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। वहीं सुनील भगत पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बुढ़ार, गोपाल यादव बैकुंठपुर, अभिलेख कुमार सिंह बैकुंठपुर द्वारा भी विश्वकर्मा भगवान की पूजा-अर्चना की गई। पूरे आयोजन ने जिलेभर में आस्था, समर्पण और भाईचारे की अद्भुत छटा बिखेरी और इसे सिर्फ धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि श्रम, सुरक्षा और कार्यस्थल की उन्नति का प्रतीक बना दिया।

### विश्वकर्मा पूजा का...

द्वारा विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें काफी संख्या में रेलकर्मी, श्रमिक और स्थानीय लोग शामिल हुए। विशेष उल्लेखनीय रहा कि विश्वकर्मा समाज ने वार्ड क्रमांक 6 एवं 14 में परंपरागत रीति से पूजा-पाठ कर खिचड़ी प्रसाद का वितरण कर सामाजिक सौहार्द्र का संदेश दिया। अंत में थाना परिसर में चरचा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रमोद पांडेय ने शस्त्र पूजन कर पुलिस बल के प्रहरी कर्तव्यों में सफलता और मजबूती की कामना की।

# एनएचएम कर्मचारियों ने काटा केक




**बैकुण्ठपुर।** एनएचएम कर्मचारी संघ एमसीबी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन में केक काटा और अपनी गारंटी पूरी करने का एवं मंच के माध्यम से उपहार देने के लिए आग्रह किया गया। इन लोगों ने बताया कि नियमितीकरण ग्रेड पे मूलभूत मांगों की सौगात के साथ मोदी की गारंटी 100 दिन के अंदर पूरी होगी ऐसा घोषणा पत्र में लिखा गया था, किंतु आज तक मोदी की गारंटी पूर्ण नहीं हो पाई है। इस उपलक्ष में एनएचएम एमसीबी कर्मचारी संघ द्वारा केक काटकर उनसे उपहार मांगा।



